nwda.gov.in

कोसी-मेची लिंक का केंद्र योजनाबद्ध तरीके से कर रहा है विस्तार : पाटिल

- राज्यसभा में भाजपा के डॉ भीम सिंह के सवाल पर बोले केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल

संवाददाता, पटना

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि बिहार में कोसी-मेची नदी लिंक को केंद्र सरकार योजनाबद्ध तरीके से विस्तार दे रही है. दोनों नदियों के जुड़ने से बिहार के सीमांचल इलाके में दो लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई का लाभ मिल सकेगा.

सोमवार को राज्यसभा में भाजपा के डॉ भीम सिंह के सवाल पर जवाब देते हुए जलशक्ति मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में नदियों को जोड़ने की योजना पर लगातार काम कर रही है.कोसी-मेची लिंक को भी योजनाबद्ध तरीके से विस्तार कर रही है. उन्होंने बताया कि कोसी और मेची नदियों के जुड़ने से राज्य में अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में 2,10,516 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई सुविधाएं प्रदान होगी. डॉ भीम सिंह के कोसी-मेची लिंक की स्थिति समेत अन्य तारांकित सवालों के जवाब में केंद्रीय मंत्री पाटिल ने बताया कि एनडब्ल्यूडीए को बिहार सरकार से अंतरराज्यीय लिंक परियोजनाओं के संबंध में 10 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं. इनमें से तीन को तकनीकी रूप से व्यवहारिक पाया गया है.